बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड),
पटना – 800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

<u>सहायक अभियंता (असैनिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 03/2011)</u>

उक्त परीक्षा दिनांक 06.04.2013 से 10.04.2013 तक पटना अवस्थित एक परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की गयी थी जिसमें 3 विषयों की विषयनिष्ठ तथा 6 विषयों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा ली गई थी। 6 वस्तुनिष्ठ विषयों की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला '**A**', '**B**', '**C**' एवं '**D**' के प्राश्निक द्वारा तैयार किये गये आदर्श उत्तर दिनांक 25.04.2013 से आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के आदर्श उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो तो इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव अपने नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक 03.05.2013 की संध्या 5.00 बजे तक बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। लिफाफा पर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम अवश्य लिखें। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना